Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for BSNL Towers in Khargone, MP.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र खरगौन है । खरगौन जिले में सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसा भगवानपुरा विधान सभा क्षेत्र है, जहां पर पिपलझोपा, सिरवेल महादेव में पचास हजार से ज्यादा की संख्या में जनजाति समुदाय के लोग रहते हैं । सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं, उन योजनाओं में ऑनलाइन पंजीकरण कराना पड़ता है और उस पंजीकरण के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं । इस सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसे पूरे क्षेत्र में बी.एस.एन.एल. के टावर्स लगे हुए कम से कम तीन वर्ष हो गए हैं, परन्तु वहां पर फोन की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं है । इस प्रकार के हजारों जनजाति समुदाय के लोग उससे प्रभावित हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि वहां बी.एस.एन.एल. के टावर्स शीघ्र शुरू किए जाएं जिससे वहां रह रहे जनजाति समाज को इसका लाभ मिल सके । यही आपसे निवेदन है ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जो अविलम्ब लोक महत्व के विषय हैं, इसमें अगर आप अपने विषय को परिवर्तित करना चाहते हैं तो मुझे आप 10 से 11 बजे के बीच में लिख कर दे दें, ताकि मैं आपको परिवर्तन की अनुमति दे दूं । यहां सदन में सीधे अनुमति न माँगें ।